प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–18.08.2023 (सं0–377)

पारपत्र (पासपोर्ट)

- आप सभी जानते हैं कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में पासपोर्ट की कितनी महत्ता है। शिक्षा, पर्यटन, रोजगार, मनोरंजन, चिकित्सा, व्यवसाय इत्यादि कई महत्वपूर्ण उद्देश्य से विदेश जाने की आवश्यकता पड़ती है। परिवहन के साधनों के उन्नत होने के उपरान्त लोगो का आवागमन विदेशों की ओर बढ़ गया है। इसके लिए पासपोर्ट की आवश्यकता है।
- पासपोर्ट निर्गत करने की प्रक्रिया के अन्तर्गत आवेदन के पारपत्र निर्गत करने की प्रक्रिया के अन्तर्गत, आवेदन के Personal Particular Form (PPF) का पुलिस द्वारा जाँच एवं सत्यापन कर पुलिस जाँच आख्या (Personal Particular Report) निर्गत किया जाना एक प्रमुख एवं महत्वपूर्ण कार्य है।
- मार्च 2021 से पासपोर्ट आवेदन के पुलिस जाँच का कार्य M-Passport Police App के माध्यम से ऑनलाइन करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी।
- कार्य की गुणवत्ता तथा शीघ्र निष्पादन हेतु राज्य के पुलिसकर्मियों को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना में प्रशिक्षित किया गया तथा ऑनलाइन सत्यापन हेतु उन्हें टैब आवंटित किया गया।
- सभी 40 जिलों के कुल 1081 थाना/ ओ0पी0 को Online PVR (Police Verification Report) निर्गत करने हेतु टैब उपलब्ध करा दिया गया है।
- अप्रैल 2021 से Police Verification Report निर्गत करने की प्रक्रिया मैनुअल से पूर्णतः ऑनलाइन हो गयी है।
- पूर्व में पुलिस जाँच में लगने वाली अवधि की औसतन समय सीमा 21 दिन निर्धारित थी जिसे 01 अगस्त 2021 से घटाकर 15 दिन का लक्ष्य रखा गया है। बिहार पुलिस द्वारा निर्धारित 15 दिनों से कम अवधि का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

वर्षवार कुल निष्पादित पारपत्र आवेदनों की संख्या

वर्ष	प्राप्त एवं निष्पादित पारपत्र आवेदनों की संख्या	सत्यापन की अवधि
2018	2,05,748	24 दिन
2019	1,95,592	19 दिन
2020	1,22,502	18 दिन
2021	2,67,606	18 दिन
2022	4,85,941	12 दिनों के अन्दर
2023 (31 जुलाई तक)	2,60,067	12 दिनों के अन्दर

- पासपोर्ट वेरिफिकेशन में पुलिस के द्वारा सत्यापन के उपरान्त प्रतिपूर्ति राशि प्राप्त होती है। इस प्रकार इस कार्य में पुलिस विभाग को राजस्व की प्राप्ति होती है, जो निम्न प्रकार हैः–

वर्षवार प्रतिपूर्ति राशि

अवधि	प्रतिपूर्ति राशि
सितम्बर 2015 से जनवरी 2018	5,37,89,300
मार्च 2018 से दिसम्बर 2018	2,40,22,150
जनवरी 2019 से अप्रैल 2019	94,12,500
मई 2019 से मार्च 2020	3,58,42,650
अप्रैल 2020 से अक्टुबर 2020	91,86,553
अगस्त 2021 से मार्च अक्टुबर 2021	91,15,450
नवम्बर 2021 से मई 2022	3,07,71,400
कुलः–	**17,21,40,003 (सतरह करोड़ इक्कीस लाख चालीस हजार तीन)**

XXXXXXXX